# बने है याचक कृपानिधान भजन लिरिक्स

बने है याचक कृपानिधान,
मांग रहे है बर्बरीक से,
आज शीश का दान।bd।

तर्ज – कन्हैया ले चल परली।

---

समर भूमि की प्यास बुझाओ,
निज मस्तक की भेंट चढ़ाओ,
सब वीरो में नाम कमाओ,
हे योद्धा बलवान,
बने हैं याचक कृपानिधान।bd।

---

हंसे वीर धन्य घड़ी ये आई,
याचक बनकर खड़े कन्हाई,
एक तमन्ना थी यदुराई,
देखु युद्ध महान,
बने हैं याचक कृपानिधान।bd।

---

बोले कृष्ण ये वचन हमारा,
अमर रहेगा शीश तुम्हारा,
पूजेगा तुझको जग सारा,
कलयुग के दरम्यान,
बने हैं याचक कृपानिधान।bd।

---

हँसते हँसते शीश दिया है,
हरि ने गिरी पर धरा दिया है,
सारा तांडव देख लिया है,
देकर पूरा ध्यान,
बने हैं याचक कृपानिधान।bd।

---

महाभारत का हाल सुनाया,
श्याम नाम वरदान में पाया,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

जो कोई इसके दर पे आया,
मिली उसे मुस्कान,
बने हैं याचक कृपानिधान।bd।

बने है याचक कृपानिधान,
मांग रहे है बर्बरीक से,
आज शीश का दान।bd।

**Singer – Sanjay Mittal Ji**
**Upload – Ravi Agrawal**
**9301653989**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com